का सुरम्य प्रस्तुति दी। बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, सुनील कुमार झा (बिहार म्यूजियम), डॉ. अजय पांडेय और मनीष सिंह ठाकुर एसपीआईसी एमएसीए प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पीएम सूर्य गृह योजना के लिए हुआ समझौता

मुंबई। प्रधानमंत्री सूर्य गृह योजना (पीएमएसजीवाई) के तहत आवासीय ग्राहकों के लिए फाइनेंस विकल्पों की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा और टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के बीच करार किया गया है। समझौता ज्ञापन के तहत आवेदक 7% प्रति वर्ष से शुरू होने वाली आकर्षक ब्याज दर पर 6 लाख तक की ऋण राशि प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें ब्याज की नियत और अनियत दोनों दरों के विकल्प उपलब्ध हैं।